>

Title: Need for proper supply of electricity to the Kaushambi region of Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बहुत अनियमित एवं 4 घंटे रहने से कृषकों को खेतों में पानी एवं मड़ाई से बहुत दिक्कतें होती हैं। किशुनपुर पम्प नहर के पम्प भी नहीं चल पाने से नहरों में पानी उचित स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे सिंचाई में बाधा उत्पन्न हो रही है, सूखे की स्थिति है, फसलें बर्बाद हो रही हैं। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को समुचित बिल आपूर्ति देकर 8 घंटे रात्रि एवं 8 घंटे दिन में आपूर्ति सुनिश्चित करे।